Series JMS/1

SET-3

कोड नं.
Code No. **32/1/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10+1** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum marks : 80*

सामान्य निर्देश:

(i) इस प्रश्न-पत्र को **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है; खण्ड **क**, खण्ड **ख**, खण्ड **ग** और खण्ड **घ**।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल **26** प्रश्न हैं।

(iii) सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iv) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(v) प्रश्न संख्या **1** से **7** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या **8** से **18** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vii) प्रश्न संख्या **19** से **25** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(viii) प्रश्न संख्या **26** मानचित्र प्रश्न **5** अंक का है। इसके दो भाग हैं **26(A)** और **26(B)**। **26(A) 2** अंक का इतिहास से तथा **26 (B) 3** अंक का भूगोल से है। मानचित्र का प्रश्न पूर्ण होने पर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका के अंदर नत्थी करें।

**General Instructions :**

(i) The question paper is divided into **four** sections; Section **A**, Section **B**, Section **C** and Section **D**.

(ii) The question paper has **26** questions in all.

(iii) All questions are **compulsory**.

(iv) Marks are indicated against each question.

(v) Questions from serial number **1** to **7** are very short answer type questions. Each question carries **1** mark. Answers to these should not exceed **30** words.

(vi) Questions from serial number **8** to **18** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.

(vii) *Questions from serial number **19** to **25** are **5** marks questions. Answers of these questions should not exceed **100** words each.*

(viii) *Question number **26** is a map question of **5** marks with two parts– **26A** from History (2 marks) and **26 B** from Geography (3 marks). After completion, attach the maps inside your answer-book.*

## खण्ड–क

## SECTION-A

1. जापान में हाथ से छपाई की तकनीक कैसे प्रारंभ हुई? 1

अथवा

क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद प्रक्रिया ने उपन्यास की लोकप्रियता को बढ़ाने में कैसे सहायता की?

How had hand printing technology introduced in Japan?

**OR**

How had translation process of novels into regional languages helped to spread their popularity?

2. 19वीं शताब्दी के दौरान यूरोप में आर्थिक क्षेत्र में 'उदारवाद' की व्याख्या कीजिए। 1

अथवा

मेकोंग डेल्टा क्षेत्र के आर्थिक विकास में फ्रांसीसियों के योगदान की व्याख्या कीजिए।

Interpret the concept of 'liberalisation' in the field of economic sphere during the nineteenth century in Europe.

**OR**

Interpret the contribution of French in the economic development of Mekong delta region.

3. भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों के लिए उनकी आय के संबंध में विकास का क्या लक्ष्य हो सकता है? 1

अथवा

पंजाब के समृद्ध किसान का विकास का लक्ष्य क्या हो सकता है?

What may be a goal of landless rural labourers regarding their income?

**OR**

What may be a goal of prosperous farmer of Punjab?

4. राजनीतिक दलों द्वारा लोकतांत्रिक सुधार किस प्रकार किए जा सकते हैं? 1

How can democratic reforms be carried out by political parties?

5. पंजाब में अति सिंचाई भू-निम्नीकरण के लिए कैसे उत्तरदायी है? 1

**अथवा**

सीमेंट उद्योग भू-निम्नीकरण के लिए कैसे उत्तरदायी है?

How is over irrigation responsible for land degradation in Punjab?

**OR**

How is cement industry responsible for land degradation?

6. 'प्राथमिक' और 'तृतीयक' क्षेत्रों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 1

Distinguish between 'primary' and 'tertiary' sectors.

7. भारत में औपचारिक क्षेत्रक ऋण का महत्व स्पष्ट कीजिए। 1

Explain the importance of formal sector loans in India.

## खण्ड-ख

## SECTION-B

8. 'रबी शस्य ऋतु' की किन्हीं तीन प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3x1=3

**अथवा**

'खरीफ शस्य ऋतु' की किन्हीं तीन प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Describe any three main features of 'Rabi crop season.'

**OR**

Describe any three main features of 'Kharif crop season.'

9. नेपोलियन की संहिता को फ्रांसीसी नियंत्रण के अधीन क्षेत्रों में किस प्रकार लागू किया गया? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 3x1=3

**अथवा**

वियतनाम की आर्थिक प्रगति के लिए जिम्मेदार तीन बाधाओं की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

How had Napoleonic code exported to the regions under French control ? Explain with examples.

**OR**

Explain with examples the three barriers that are responsible to economic growth in Vietnam.

**10.** चीनी राजतंत्र किस प्रकार लंबे समय तक मुद्रित सामग्री का सबसे बड़ा उत्पादक बना रहा? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। 3x1=3

**अथवा**

यूरोप में उन्नीसवीं सदी के दौरान उपन्यास किस प्रकार लोगों के लिए सुलभता से उपलब्ध हो रहे थे? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

How had the Imperial State in China been the major producer of printed material for a long time? Explain with examples.

**OR**

How had novels been easily available to the masses in Europe during nineteenth century? Explain with examples.

**11.** 'जल दुर्लभता' के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए। 3x1=3

Analyse the impact of 'water scarcity.'

**12.** ''पर्यावरण में गिरावट के परिणाम राष्ट्रीय और राज्य सीमाओं का ख्याल नहीं करते''। इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। 3

"Consequences of environmental degradation do not respect national or state boundaries.'' Justify the statement.

**13.** भारत में 'तृतीयक क्षेत्रक' महत्वपूर्ण क्यों हो रहा है? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) ज्ञात करने के लिए विविध वस्तुओं और सेवाओं की गणना हम कैसे करते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

Why is the 'tertiary sector' becoming important in India? Explain any three reasons.

**OR**

How do we count various goods and services for calculating Gross Domestic Product (G.D.P.) of a country? Explain with example.

14. विपक्षी राजनीतिक दलों के किन्हीं तीन कार्यों को स्पष्ट कीजिए। 3x1=3

Explain any three functions of opposition political parties.

15. उपभोक्ता अपने 'क्षतिपूर्ति निवारण' के अधिकार का उपयोग किस प्रकार कर सकते हैं? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 3

How can consumers use their 'Right to Seek Redressal'? Explain with example.

16. ''किसी लोकतांत्रिक देश में सामाजिक विभिन्नताओं पर जोर देना एक सामान्य बात है और स्वस्थ भी हो सकती है।'' तर्कों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

**अथवा**

''सामाजिक विभाजन राजनीति को प्रभावित करते हैं।'' इस कथन की परख कीजिए।

"The assertion of social diversities in a democratic country is very normal and can be healthy." Justify the statement with arguments.

**OR**

"Social divisions affect politics." Examine the statement.

17. ''भारत में आजादी के बाद से महिलाओं की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, परन्तु अभी भी पुरुषों से काफी पीछे हैं।'' इस कथन का विश्लेषण कीजिए। 3x1=3

"Women still lag much behind men in India despite some improvements since independence." Analyse the statement.

18. आर्थिक विकास में ऋण के औपचारिक स्रोतों के महत्व का वर्णन कीजिए। 3x1=3

**अथवा**

अनौपचारिक ऋण के स्रोतों का कर्जदारों पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों का वर्णन कीजिए।

Describe the importance of formal sources of credit in the economic development.

**OR**

Describe the bad effects of informal sources of credit on borrowers.

## खण्ड–ग

## SECTION-C

19. ''भारत में सड़क परिवहन, रेल परिवहन की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक है।'' कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। 5x1=5

"Roadways still have an edge over railways in India." Support the statement with examples.

20. स्थिति, आकार और सांस्कृतिक पहलुओं के आधार पर बेल्जियम और श्रीलंका की स्थिति की तुलना कीजिए। 1+1+3=5

**अथवा**

साझेदारी का विचार कैसे सामने आया? सामान्य रूप से प्रचलित सत्ता की साझेदारी के विभिन्न स्वरूपों की व्याख्या कीजिए।

Compare the situation of Belgium and Sri Lanka considering their location, size and cultural aspects.

**OR**

How is the idea of power sharing emerged? Explain different forms that have common arrangements of power sharing.

21. 'औद्योगिक प्रदूषण' के पाँच प्रकारों की व्याख्या कीजिए। 5x1=5

Explain five types of 'industrial pollution.'

22. 1930 में किसने दलितों को 'दमित वर्ग एसोसिएशन' में संगठित किया? उनकी उपलब्धियों का वर्णन कीजिए। 1+4=5

**अथवा**

'सविनय अवज्ञा आंदोलन' शब्द को परिभाषित कीजिए। 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में अमीर और गरीब किसान समुदायों की सहभागिता का वर्णन कीजिए।

Who had organized the dalits into the 'Depressed Classes Association' in 1930? Describe his achievements.

**OR**

Define the term 'Civil Disobedience Movement.' Describe the participation of rich and poor peasant communities in the 'Civil Disobedience Movement.'

23. 'उन्नीसवीं शताब्दी की विश्व अर्थव्यवस्था का रूप तय करने में भारतीय व्यापार ने एक अहम भूमिका अदा की थी।' इस कथन का विश्लेषण कीजिए। 5x1=5

**अथवा**

'बीसवीं शताब्दी के पहले दशक तक भारत में औद्योगीकरण का स्वरूप कई बदलावों की चपेट में आ चुका था।' इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

'आधुनिक काल में औद्योगीकरण ने शहरीकरण के स्वरूप पर गहरा प्रभाव डाला है।' लंदन के विशेष संदर्भ में इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

"Indian trade had played a crucial role in the late nineteenth century world economy." Analyze the statement.

**OR**

"Series of changes affected the pattern of industrialization in India by the early twentieth century." Analyze the statement.

**OR**

"Industrialization had changed the form of urbanization in the modern period." Analyze the statement with special reference of London.

24. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को अन्य विकल्पों से बेहतर बनाने वाले किन्हीं पाँच कारकों का वर्णन कीजिए। 5x1=5

Describe any five factors that make democracy is a better form of government than other alternatives.

25. विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों द्वारा विकसित विशेष आर्थिक क्षेत्रों में उपलब्ध किन्हीं पाँच सुविधाओं को स्पष्ट कीजिए। 5x1=5

Explain any five facilities available in the special economic zones developed by the Central and State Governments to attract foreign investment.

## खण्ड–घ (मानचित्र प्रश्न)
## SECTION-D (Map Question)

26. (A) दो लक्षण **A** और **B** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए– 1x2=2

(a) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

(b) वह नगर जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना हुई।

(B) इसी दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए: 1x3=3

(i) कलपक्कम – आण्विक ऊर्जा संयंत्र

(ii) विजयनगर – लौह और इस्पात संयंत्र

(iii) नोएडा – सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(iv) पारादीप – समुद्री पत्तन

(v) सरदार सरोवर – बाँध

नोट : निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर किन्हीं **पाँच** का उत्तर दीजिए – 1x5=5

(i) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना हुई।

(ii) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने 'नमक कानून' तोड़ा।

(iii) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ 'चौरी-चौरा' घटना घटित हुई।

(iv) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पारादीप समुद्री पत्तन स्थित है।

(v) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ विजयनगर लोहा-इस्पात संयंत्र स्थित है।

(vi) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नोएडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है।

(vii) सरदार सरोवर बाँध किस नदी पर बना है?

(A) Two features **A** and **B** are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked near them.

(a) The place where the Indian National Congress Session was held.

(b) The city where Jallianwalla Bagh incident took place.

(B) Locate and label any three of the following with appropriate symbols on the same given outline political map of India.

(i) Kalpakkam – Nuclear Power Plant

(ii) Vijayanagar – Iron and Steel Plant

(iii) Noida – Software Technology Park

(iv) Paradeep – Sea Port

(v) Sardar Sarovar – Dam

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. **26**. Attempt any **five** questions.

(i) Name the state where Jallianwalla Bagh incident took place.

(ii) Name the state where Gandhiji violated the Salt Law.

(iii) Name the state where 'Chauri-Chaura' incident took place.

(iv) Name the state where Paradeep Sea Port is located.


(v) Name the state where Vijayanagar Iron and Steel Plant is located.

(vi) Name the state where Noida Software Technology Park is located.

(vii) On which river is Sardar Sarovar Dam constructed?

Map for Q. No. **26**

नक्शा प्रश्न संख्या **26** के लिए




✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें